an>

Title: Regarding problems being faced by the passengers at Ahmedabad railway staion in Gujarat.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : उपाध्यक्ष महोदय, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन रेल विभाग का एक बिजी रेलवे स्टेशन है, जो मुंबई और दिल्ली को जोड़ता है। रेल मंत्रालय को इस रूट से काफी ज्यादा आय मिलती है। यहां रेल परिसर में ट्रैफिक, गंदगी, सुरक्षा और पीने के पानी की भारी समस्या है। इसके लिए डिवीजन अथॉरिटी माहितगार है, लेकिन उनके द्वारा कोई सीरियस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, डिवीजन रेल कार्यालय में लोग लंबे समय से एक ही जगह पर काम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें यह समस्या नहीं लग रही। मेरी मंत्रालय से मांग है कि फ्रैश आईस कर्मचारियों को डेप्यूट करके हर समस्या का जीरो लैवल पर निराकरण करने की दिशा में काम शुरू करवाया जाये।